बिहार विधान परिषद

206वां बजट सत्र

लिखित उत्तर के लिए अल्पसूचित प्रश्न

13 फरवरी 2024

: [ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या- 4

बिजली उपलब्ध कराने का विचार

1. **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर नगर में बिजली क्षेत्र अंतर्गत नये वार्डो में, फतेहपुर, खैरबा दर, दाउद छपरा आदि गावों में बिजली बिल शहरी दर पर लिया जा रहा है, परंतु बिजली सप्लाई ग्रामीण फिडर से हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गावों में बिजली आपूर्ति बराबर बाधित रहती है जिससे आमजनों को कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गावों को शहरी फिडर से जोड़ने तथा सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखति है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

विद्युत पोल का सर्वे

2. **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्व में 10-15 वर्ष पूर्व विद्युत पोल जहॉ-तहॉ बिना सर्वे किये लगा दिए गए है;

(ख) क्या यह सही है कि अब उन जहॉ-तहॉ बिना सर्वे के लगे विद्युत पोल के कारण कई प्रकार की दुर्घटना बनी रहने की संभावना बनी रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि विद्युत पोल को खेतों में, घरों के पास या अन्य ऐसी जगह लगा है जहां से भूमि मालिकों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य स्तर पर विद्युत पोल को सर्वे द्वारा सही जगह लगाना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

लक्ष्य पर विचार

3. **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा)ः**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के तमाम जिलों के अलावे पटना जिला में कृषि फीडर निर्माण कार्य किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि पुनपुन, धनरूआ तथा मसौढ़ी प्रखण्डों में अधिकांश गांव अभी तक कृषि फीडर से अच्छादित नहीं हो सके हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार द्वारा इन प्रखण्डों के शत प्रतिशत ग्रामों को कृषि फीडर से जोड़ने का कब तक लक्ष्य रखा गया है ?

चिकित्सकों की नियुक्ति

4. **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण)ः**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा सदर अस्पताल में नियमित साफ-सफाई एवं महिला चिकित्सक नहीं हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में नियमित साफ-सफाई नहीं होने से मरीज अन्य संक्रामक बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में चिकित्सक एवं महिला चिकित्सक की कमी के कारण मरीजों का ईलाज ससमय नहीं हो पाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में नियमित साफ-सफाई के साथ-साथ चिकित्सा एवं महिला चिकित्सकों को बहाल कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?